कार्यवृत्त

मंगलवार, 08 चैत्र, शक संवत्, 1944
(दिनांक : 29 मार्च, 2022)

खण्ड–62

अंक–1

विधान सभा का कार्य सभा मण्डप, देहरादून में दिन के 03:00 बजे श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गीत ''वन्दे मातरम्'' के साथ आरम्भ हुआ।

श्री अध्यक्ष द्वारा माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के प्रथम, कतिपय अन्य अंशों एवं अन्तिम अंश को पढ़कर सुनाया गया।

श्री अध्यक्ष ने सूचित किया कि कार्यमंत्रणा समिति ने दिनांक 28 मार्च, 2022 की बैठक में दिनांक 29 मार्च, 2022 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:–

<u>मार्च, 2022</u>

29	मंगलवार	(1) माननीय अध्यक्ष द्वारा माननीय राज्यपाल के अभिभाषण का पाठ। (अपराह्न 03:00 बजे) (2) वित्तीय वर्ष 2022–23 के एक भाग के लिये लेखानुदान का प्रस्तुतीकरण।

संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि यह सदन कार्य–मंत्रणा समिति की सिफारिश, जिसकी सूचना माननीय अध्यक्ष द्वारा सदन को दी गई है, से सहमत है। प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

सदन की कार्यवाही 03 बजकर 07 मिनट पर 04:00 बजे तक के लिये स्थगित हुई।

सदन की कार्यवाही 04:00 बजे श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में पुनः आरम्भ हुई।

श्री प्रीतम सिंह द्वारा व्यवस्था का प्रश्न उठाने की अनुज्ञा मांगी गई, इस पर संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि चूंकि लेखानुदान का समय 04:00 बजे का नियत है। अतः पहले लेखानुदान का प्रस्तुतीकरण होंने दें। श्री अध्यक्ष ने लेखानुदान प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान की।

मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष 2022–23 के एक भाग के लिये लेखानुदान प्रस्तुत किया।

श्री प्रीतम सिंह एवं श्री यशपाल आर्य, माननीय सदस्य ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के प्राविधानानुसार राज्यपाल अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा से पूर्व लेखानुदान का प्रस्तुतीकरण नहीं होना चाहिए। मा0 संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि कार्यमंत्रणा समिति की सिफारिशें स्वीकार होने पर ही लेखानुदान प्रस्तुत किया गया है, अतः औचित्य का प्रश्न नहीं बनता है।

श्री अध्यक्ष ने कहा कि चूंकि लेखानुदान कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिश के आधार पर प्रस्तुत हो चुका है, अतः वे व्यवस्था के प्रश्न को अग्राह्य करती हैं।

सदन की कार्यवाही 04 बजकर 06 मिनट पर अगले दिन 11:00 बजे तक के लिये स्थगित हुई।

मुकेश सिंघल
सचिव,
विधान सभा।

स्वीकृत,

ऋतू खण्डूड़ी भूषण
अध्यक्ष,
विधान सभा उत्तराखण्ड।